प्रश्नोत्तर से संबंधित परिशिष्ट
परिशिष्ट - 'छप्पन '
प्रश्न सं. [क. 423]
[27/11/2017]

अतारांकित प्रश्न क्रमांक-423

पंकज अग्रवाल
आई.ए.एस.
प्रमुख सचिव

अर्द्धशासकीय पत्र क्र. ..../05/31
जल संसाधन विभाग
मंत्रालय,
टेलीफोन नं. 0755-25 3936

परिशिष्ट-"अ"

भोपाल, दिनांक 19/06/17

प्रिय सुरेश चंद्र जी,

रीवा जिले की तहसील हनुमना के 222 ग्रामों में सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने के संबंध में वहां के जनप्रतिनिधियों द्वारा लगातार मांग की जा रही है। बाणसागर अंतर्राज्यीय परियोजना से क्षेत्र में सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने के लिए म.प्र.शासन, जल संसाधन विभाग द्वारा कैलाशपुर माईक्रो सिंचाई (सूक्ष्म दबाव) परियोजना का प्रस्ताव तैयार किया गया है। प्रस्ताव में अदवा नाले पर पिकअप वियर बनाकर बाणसागर परियोजना से उत्तरप्रदेश राज्य की ओर जानेवाली उत्तरप्रदेश की नहर में प्रवाहित 46 क्यूमेक जल में से 6.3 क्यूमेक जल उद्वहन कर सिंचाई की जाना प्रस्तावित है। इस परियोजना के लिए 60 मि.घ.मी. जल की आवश्यकता होगी, जिसकी प्रतिपूर्ति म.प्र.राज्य द्वारा अपने हिस्से से उत्तरप्रदेश को इसी नहर के माध्यम से की जाएगी।

अतः अनुरोध है कि कृपया बाणसागर परियोजना अंतर्गत उत्तरप्रदेश की निर्मित नहर से 6.3 क्यूमेक जल उपलब्ध कराने की अनुमति प्रदान करने का कष्ट करें। सुलभ संदर्भ के लिए प्रस्तावित परियोजना का संक्षिप्त विवरण इस पत्र के साथ संलग्न है।

शुभकामनाओं सहित,

भवदीय

19/6/17
(पंकज अग्रवाल)

प्रति,

श्री सुरेश चन्द्र
प्रमुख सचिव,
उत्तरप्रदेश सरकार,
सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग
लखनऊ

Desktop/Dinesh/DO hindi

अतारांकित प्रश्न क्रमांक - 423

(100)

पंकज अग्रवाल
आई.ए.एस.
प्रमुख सचिव

अर्द्धशासकीय पत्र क्र. एफ-15/2/17/लघु/31/
जल संसाधन विभाग 1896
मंत्रालय,
टेलीफोन नं. 0755-2556936

परिशिष्ट-"अ

भोपाल, दिनांक 06/10/17

विषयः—रीवा जिले की तहसील हनुमना अन्तर्गत प्रस्तावित कैलाशपुर माइक्रो सिंचाई परियोजना के क्रियान्वयन के संबंध में।

आदरणीय सुरेशचन्द्र जी,

कृपया मेरे अर्द्धशासकीय पत्र क्र. एफ–15/2/17/लघु/31 दिनांक 19.06.2017 का अवलोकन करने का कष्ट करें (प्रतिलिपि संलग्न), जिसमें बाणसागर अन्तर्राज्यीय परियोजना अंतर्गत मध्यप्रदेश द्वारा प्रस्तावित कैलाशपुर सिंचाई परियोजना के लिए, उत्तर प्रदेश द्वारा निर्मित नहर में प्रवाहित 46 क्यूमेक जल में से, 6.3 क्यूमेक जल उपलब्ध कराने हेतु अनुरोध किया गया था। उक्त परियोजना के लिए 60 मि.घ.मी. जल की वार्षिक आवश्यकता होगी, जिसकी प्रतिपूर्ति मध्यप्रदेश राज्य द्वारा अपने हिस्से से उत्तर प्रदेश को इसी नहर से की जाएगी। आपके विभाग द्वारा इस विषय में कृत कार्यवाही की जानकारी अप्राप्त है।

अतः पुनः अनुरोध है कि प्रकरण व्यक्तिगत संज्ञान में लेकर अपेक्षित अनुमति प्रदान करने का कष्ट करें, जिससे प्रस्तावित परियोजना को मूर्त रूप दिया जा सके।

सादर,

भवदीय

6/10/17
(पंकज अग्रवाल)

प्रति,

श्री सुरेश चन्द्र
प्रमुख सचिव,
उत्तरप्रदेश सरकार,
सिंचाई विभाग,
लखनऊ(उ.प्र.)

Desktop/Dinesh/DO hindi